APEX HOSPITALS

*"हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं"*

30 YEARS of Excellence in Services


# APEX SAMWAD

Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network

Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow

वॉल्यूम 23, अप्रैल 2026


## एपेक्स हॉस्पिटल्स में रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण की शुरुआत

एपेक्स हॉस्पिटल्स ने उन्नत रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सेवा की शुरुआत कर चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यह सुविधा एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, जयपुर तथा एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में शुरू की गई है। मालवीय नगर, जयपुर में इस सेवा का उद्घाटन राजस्थान सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक श्री कालीचरण सराफ ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती सुमन शर्मा, भाजपा मालवीय नगर मंडल के कोषाध्यक्ष श्री सुनील बड़जात्या, एपेक्स हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. एस. बी. झंवर, निदेशक डॉ. सचिन झंवर तथा




ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. आशीष राणा, डॉ. संदीप गर्ग एवं डॉ. हिमांशु खीचड़ उपस्थित रहे। एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में बीकानेर संभाग में पहली बार ऑर्थो रोबोट' तकनीक का शुभारंभ हुआ, जहां विधायक जयदीप बिहाणी मुख्य अतिथि रहे। साथ ही CMHO डॉ.अनिल सिंगला, डॉ. हरीश राठौड़ एवं भाजपा माइनॉरिटी के प्रदेश महामंत्री, डॉ. रमजान अली चौपदार भी उपस्थित रहे। रोबोटिक तकनीक से सर्जरी अधिक सटीक होती है, चीरा छोटा लगता है और मरीज की रिकवरी तेज होती है। भविष्य में यह सुविधा अन्य यूनिट्स में भी शुरू की जाएगी।

## एपेक्स परिवार के लिए संदेश

***प्रिय डॉक्टरों, स्टाफ सदस्यों और समर्पित सहयोगियों,***

अप्रैल माह में एपेक्स हॉस्पिटल्स ने मरीजों की जरूरत को केंद्र में रखते हुए कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। उन्नत ऑर्थो रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण तकनीक की शुरुआत, नई सुविधाओं का विस्तार और विशेषज्ञ डॉक्टरों के जुड़ने से हमारी सेवाएं और मजबूत हुई हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हमने समुदाय तक अपनी पहुंच बढ़ाई है।

हमारा प्रयास हमेशा यही रहता है कि मरीजों को समय पर, सटीक और बेहतर इलाज मिल सके। यही सोच हमें आगे बढ़ने और अपनी सेवाओं को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करती है।

धन्यवाद
**डॉ. एस.बी. झंवर**
चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स














8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए

New Joining's

## एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत



एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में डॉ. अंकित स्वामी, कंसल्टेंट – इंटरनल मेडिसिन का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर में डॉ. मंजिरी पाटिल, कंसल्टेंट – ईएनटी का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में डॉ. अशोक कुमार यादव, एसोसिएट कंसल्टेंट – न्यूरोलॉजी का स्वागत किया गया।



एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर में डॉ. आयुषी सिंह, कंसल्टेंट- नेफ्रोलॉजी का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, में श्री मनीष मेहता, मैनेजर – एचआर एवं एडमिन का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, में सुमन कुमारी, - नर्सिंग सुपरिटेंडेंट का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, में दर्शन कुमार, - ग्रुप हेड (प्रोजेक्ट्स) – इंजीनियरिंग एवं मेंटेनेंस का स्वागत किया गया।



एपेक्स गोयल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव कुमार मिश्रा का हार्दिक स्वागत किया गया।



एपेक्स गोयल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में न्यूरो सर्जन डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता का स्वागत किया गया।

Success Story

## एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल में सफल घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी



एक 59 वर्षीय महिला मरीज पिछले चार साल से घुटनों के तेज दर्द से परेशान थीं। कई अस्पतालों में इलाज कराने के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर में डॉ. कांता प्रसाद- विशेषज्ञ (हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण) से उपचार लिया, जहाँ उनका सफल घुटना प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के अगले ही दिन मरीज वॉकर की मदद से चलने लगीं। यह सर्जरी राजस्थान सरकार की आरजीएचएस योजना के तहत निःशुल्क की गई।

Core Values

## Agility की असली पहचान



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर के धारा सिंह हमारी मुख्य मूल्य - Agility के सच्चे प्रतिनिधि हैं। पार्किंग की जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ जब भी किसी मरीज़ को मदद की ज़रूरत होती है, वह आगे बढ़कर सहायता करते हैं। उनका यही सक्रिय स्वभाव अस्पताल के रोज़मर्रा के कामकाज को सुचारू बनाए रखता है।

## एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में ईमानदारी की प्रेरणादायक मिसाल



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में हमारी मुख्य मूल्य- ईमानदारी (Ethics) का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। एक भर्ती मरीज के अटेंडेंट के ₹1500 आईपीडी फार्मेसी गेट के पास गिर गए थे, जो आईपीडी फार्मेसी इंचार्ज दीपक सैनी जी को मिले। उन्होंने तुरंत ईमानदारी दिखाते हुए राशि सुरक्षित जमा करवाई।

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए

Inauguration

## उदयपुर में सीटी स्कैन सुविधा की शुरुआत



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर में इन-हाउस सीटी स्कैन सुविधा का शुभारंभ किया गया है, जिससे मरीजों को अब तेज और अधिक सटीक जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इस सुविधा का उद्घाटन डॉ. अशोक आदित्य (CMHO उदयपुर) एवं श्री ऋतुराज सिंह (क्लस्टर हेड, एपेक्स हॉस्पिटल्स) द्वारा किया गया। यह पहल क्षेत्र में व्यापक और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

Skill Building

## एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर के नर्सिंग गुरुकुल, न्यूरो सर्जिकल आईसीयू में एक शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य नर्सिंग स्टाफ की आधुनिक न्यूरोसर्जिकल देखभाल, मरीज प्रबंधन और आईसीयू प्रोटोकॉल से संबंधित क्षमताओं को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंकित स्वामी और डॉ. निलेश नामा ने महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इसमें विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों के नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

Collaboration

## कुशल जीडीए मैनपावर के लिए एयू फाइनेंस और एपेक्स हॉस्पिटल्स की साझेदारी



एयू फाइनेंस स्किल डेवलपमेंट सेल और एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर के बीच कुशल GDA मैनपावर उपलब्ध कराने हेतु सहयोग स्थापित किया गया।

Awareness

## यूनिवर्सल स्कूल, फतेहपुरा, उदयपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर द्वारा यूनिवर्सल स्कूल, फतेहपुरा में एक सामुदायिक स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था। एपेक्स हॉस्पिटल्स का यह प्रयास सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



Global Exposure

## डॉ. आशीष राणा ने सिंगापुर में एडवांस्ड रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण कार्यक्रम में भाग लिया



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर के डॉ. आशीष राणा, वरिष्ठ विशेषज्ञ – हड्डी रोग, रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण एवं आर्थोस्कोपी, ने सिंगापुर में 27–29 अप्रैल तक आयोजित एडवांस्ड रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस प्रशिक्षण से उन्हें नवीन तकनीकों की जानकारी मिली, जिससे जयपुर में मरीजों को अधिक सटीक, सुरक्षित और बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

Care Milestone

## डॉ. लक्ष्य मित्तल द्वारा 25 वर्षीय मरीज में विशाल गर्भाशयी फाइब्रॉइड की सफल सर्जरी



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में 25 वर्षीय मरीज में लगभग 30 × 20 सेमी के विशाल गर्भाशयी फाइब्रॉइड की सफल सर्जरी की गई। यह फाइब्रॉइड गर्भाशय की दीवार में गहराई से जुड़ा हुआ था, जिससे मामला जटिल था। सर्जरी के दौरान गर्भाशय को सुरक्षित रखा गया, जो इस जटिल केस में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। यह केस अस्पताल की विशेषज्ञता और उन्नत चिकित्सा सुविधाओं को दर्शाता है।

Pioneer

## डॉ. राहुल कुमार भुकर द्वारा पहली रोबोटिक हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक सम्पन्न



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, में 34 वर्षीय मरीज में जन्मजात हृदय दोष (एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट – ASD) की रोबोटिक हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह सर्जरी विशेषज्ञ कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (CTVS) डॉ. राहुल कुमार भुकर द्वारा की गई। इस स्थिति में हृदय के ऊपरी दोनों कक्षों के बीच एक छेद होता है, जिसका समय पर उपचार न होने पर हृदय के दाहिने हिस्से का बढ़ना, फेफड़ों में दबाव बढ़ना और हृदय विफलता जैसी जटिलताएं हो सकती हैं। रोबोटिक तकनीक की मदद से छाती के बीच बड़ा चीरा लगाकर हड्डी (स्टर्नम) को काटना पड़ता है, जबकि इस रोबोटिक प्रक्रिया में एक सेंटीमीटर से भी छोटे चीरे लगाकर बिना हड्डी काटे सर्जरी की गई। इससे मरीज को कम दर्द, संक्रमण का कम खतरा और जल्दी स्वस्थ होने का लाभ मिला। यह सर्जरी भारत में विकसित SSI Mantra रोबोटिक सिस्टम की मदद से की गई, जो सर्जन को थ्री-डी दृश्य और अत्यंत सटीक नियंत्रण प्रदान करता है। इस उपलब्धि के साथ एपेक्स हॉस्पिटल्स में रोबोटिक कार्डियक सर्जरी की उन्नत सुविधा की शुरुआत हो गई है।

**8 हॉस्पिटल्स** | **32+ वर्षों का विश्वास** | **250+ अनुभवी डॉक्टर्स** | **1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए**

Awareness

## परशुराम जयंती रैली में मोबाइल हेल्थ सेवाएं एवं आपातकालीन चिकित्सा सहायता उपलब्ध

उदयपुर में आयोजित परशुराम जयंती रैली में लगभग 20,000 लोगों की उपस्थिति में बीच एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर द्वारा मोबाइल हेल्थ सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस पहल का उद्देश्य किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करना था।



Awareness

## निःशुल्क बीएमडी शिविरों के माध्यम से हड्डियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर द्वारा गणेशगढ़ और पालीवाल में निःशुल्क बीएमडी जांच शिविर आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य हड्डियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ऑस्टियोपोरोसिस व जोड़ों से जुड़ी समस्याओं की समय पर पहचान करना था। इन शिविरों में कुल 145 से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह आंकड़े समय पर जांच और जागरूकता की बढ़ती आवश्यकता को दर्शाते हैं।

Achievements

## डॉ. श्रेयांस जैन द्वारा 51 सफल ERCP प्रक्रियाएं पूर्ण



एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में डॉ. श्रेयांस जैन-विशेषज्ञ (गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी) द्वारा 51 सफल ERCP प्रक्रियाएं पूर्ण करने पर उनका सम्मान किया गया।इस अवसर पर केक काटकर इस उपलब्धि को मनाया गया तथा उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी गई।

Community Health

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता पहल और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर ने फिनब्रेला टेक के सहयोग से मेमेंटोस बाय आईटीसी होटल्स एकाया, उदयपुर में एक मरीज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण न्यूरोसर्जरी विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सिंह भदौरिया द्वारा स्ट्रोक (मस्तिष्काघात) और उसकी रोकथाम पर दिया गया व्याख्यान रहा। इसमें शुरुआती लक्षण, प्रमुख जोखिम कारक और जीवनशैली में आवश्यक बदलावों के बारे में जानकारी दी गई, जहां समय पर जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण होती है।

Excellence

## डॉ. शैलेश झंवर एक्यूमेन इंडिया फेलोशिप के लिए चयनित



एपेक्स हॉस्पिटल्स के निदेशक डॉ. शैलेश झंवर इस वर्ष एक्यूमेन इंडिया फेलोशिप के लिए चयनित हुए हैं। देशभर से 20 चिकित्सकों का चयन किया गया, जिसमें जयपुर से डॉ. शैलेश झंवर को यह अवसर मिला। यह चयन एपेक्स हॉस्पिटल्स की क्रिटिकल केयर होप यूनिट और अत्याधुनिक टेली-आईसीयू सेवाओं में किए जा रहे प्रभावशाली कार्य का परिणाम है। एक्यूमेन एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन है, जो सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए कार्य करता है। डॉ. शैलेश के अनुसार, जयपुर स्थित टेली-आईसीयू कमांड सेंटर राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब के दूरस्थ क्षेत्रों में विशेषज्ञ सहायता प्रदान कर रहा है। इस फेलोशिप के माध्यम से उन्हें सामाजिक बदलाव लाने वालों के वैश्विक नेटवर्क से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

Outreach

## आईओसीएल में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित






एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में डॉ. अंकित स्वामी ने आईओसीएल में एक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया, जिसमें अच्छे स्वास्थ्य और समग्र जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने निवारक देखभाल, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और बीमारियों की समय पर पहचान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

Stay tuned...

**Best Unit Award 2026 Coming Soon**




8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए